(3) J.N. Medical College Belgaum.

(4) Kasturba Medical College, Mangalore Section.

(5) M. S. Ramaiah Medical College, Bangalore.

(6) Kempegowda Institute of Medical Sciences, Bangalore.

(7) Dr. Ambedkar Medical College, Bangalore.

ANDHRA PRADESH

(8) Siddhartha Medical College, Vijayawada.

As per available information the capitation fees ranged from Rs. 50,000 to US §25,000 per seat.

(c) No.

सूरतगढ़ स्टेशन पर प्रतीक्षालय का निर्माण

834. **श्री कुम्भा राम आर्य** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सूरतगढ़ रेल जंक्शन पर यात्रियों के भारी संख्या में आने जाने और उसके निकटवर्ती क्षेत्र में छावनी होने के कारण रक्षा कर्मियों की आवाजाही के बावजूद अभी तक वहां पर प्रतीक्षालय की व्यवस्था नहीं की गयी है ;

(ख) क्या सरकार का विचार वहां पर प्रतीक्षालय बनाने का है ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक बनाये जाने का संभावना है ?

रेल मंत्रालय एवं संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) सूरत रेलवे स्टेशन पर दो प्रतीक्षालय हैं जिन में से एक महिलाओं के लिए है और दूसरा पुरुषों के लिए।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

सूरतगढ़-अनूपगढ़ लाइन का बदला जाना

8 35. **श्री कुम्भा राम आर्य** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सूरत जंक्शन से अनूपगढ़ तक मीटरगेज लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का कार्य कब तक शुरू किया जाएगा ;

(ख) क्या इस बड़ी लाइन को मंडी, घरसाना जो कि राजस्थान नहर परियोजना क्षेत्र में सब से बड़ा बाजार है तक बढ़ाये जाने का निर्णय ले लिया गया है ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय एवं संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) सूरतगढ़-अनूपगढ़ मीटरगेज लाइन खण्ड का बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन करने का काम 1982–83 के बजट में शामिल किये जाने का प्रस्ताव है।

(ख) और (ग) जी नहीं। बहरहाल, उपर्युक्त लाइन को चित्तौड़गढ़ तक बढ़ाने के लिए सर्वेक्षण का आदेश दे दिया गया है और परियोजना की रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही पर निर्णय लिया जायेगा।

सूरतगढ़ से राजस्थान नहर के अन्तिम छोर तक लाइन

8 36. **श्री कुम्भा राम आर्य** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सूरतगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से लेकर राजस्थान नहर के अन्तिम छोर